Total No. of Printed Pages—3

**4 SEM FYUGP HINC4D**

**2026**

( May/June )

HINDI

( Core )

Paper : HINC4D

**( हिन्दी उपन्यास साहित्य )**

*Full Marks* : 60

*Time* : 2½ hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions.*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×6=6

(क) प्रेमचंद द्वारा रचित किस उपन्यास को 'कृषक जीवन' का महाकाव्य कहा जाता है?

(ख) 'अपने-अपने अजनबी' किस प्रकार का उपन्यास है?

(ग) 'काली आँधी' उपन्यास के प्रमुख स्त्री-पात्र का नाम क्या है?

(घ) 'फरिश्ते निकले' उपन्यास का उपन्यासकार कौन है?

(ङ) कमलेश्वर की कौन-सी रचना आपके पाठ्यक्रम में शामिल है?

(च) 'गोदान' में चित्रित होरी कौन है?

**2.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4×4=16

(क) "'गोदान' में किसान और मजदूर के शोषण की करुण कथा कही गई है।" पुष्टि कीजिए।

(ख) 'काली आँधी' उपन्यास के माध्यम से लेखक क्या संदेश देना चाहता है? संक्षेप में लिखिए।

(ग) 'अपने-अपने अजनबी' उपन्यास में सेलमा और योके के अंतर्द्वन्द्व का वर्णन कीजिए।

(घ) "'फरिश्ते निकले' उपन्यास स्त्री-संघर्षों का जीवंत दस्तावेज है।" पठित पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(ङ) जग्गीबाबू के चरित्र की चार प्रमुख विशेषताओं को लिखिए।

**3.** निम्नलिखित में से किसी **एक** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 8

(क) "जिस तरह मर्द के मर जाने से औरत अनाथ हो जाती है, उसी तरह औरत के मर जाने से मर्द के हाथ-पाँव टूट जाते हैं। मेरा तो घर उजड़ गया महतो, कोई एक लोटा पानी देने वाला भी नहीं।"

(ख) "तुम्हें अपने कैरियर का भी ख्याल रखना चाहिए। शादी तो कभी भी कर सकती हो, पर कैरियर बनाने का वक्त आदमी के पास ज्यादा नहीं होता।"

(ग) क्या आत्मसम्मान से ज्यादा आराम के खाने का आकर्षण होता है औरत को? खुद्दारी निभाना इतना मुश्किल पड़ता है कि किसी मर्द के पास आते ही वह खुदा लगने लगे?





**4.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×3=30

(क) उपन्यास के तत्त्वों के आधार पर 'गोदान' उपन्यास की समीक्षा कीजिए।

(ख) 'काली आँधी' उपन्यास की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए।

(ग) 'अपने-अपने अजनबी' उपन्यास के केन्द्रीय भाव का उल्लेख करते हुए उक्त उपन्यास की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

(घ) 'फरिश्ते निकले' उपन्यास के शीर्षक की सार्थकता पर प्रकाश डालिए।

(ङ) कमलेश्वर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालिए।

★★★